भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग)

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1486**
(04.12.2024 को उत्तर के लिए)

# लोक शिकायतों के निपटारे का अनुपात

**1486 . डॉ. के. सुधाकर:**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास शिकायत पोर्टल में लोक शिकायतों के निपटान अनुपात के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस पोर्टल में दर्ज शिकायतों की सूची उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में लोक शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मंत्रालय के पास कर्नाटक राज्य की केन्द्रीय और राज्य दोनों की सरकारी नौकरियों में रिक्तियों से संबंधित कोई आंकड़े उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा कर्नाटक में सरकारी नौकरियों में सभी रिक्त पदों को भरना सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री एवं प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ.जितेन्द्र सिंह)**

(क) से (ग) पिछले पांच वर्ष में सीपीग्राम्स पोर्टल www.pgportal.gov.in पर प्राप्त और निपटाई गई कुल शिकायतों की संख्या अनुलग्नक 1 के रूप में संलग्न है। इस अवधि के दौरान, पीजी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक II के रूप में संलग्न है। वर्ष 2020-2024 तक कुल 1,12,30,957 शिकायतों का निवारण किया गया और जनवरी-अक्टूबर, 2024 तक सीपीग्राम्स पोर्टल पर अब तक सबसे अधिक, 23,24,323 शिकायतों का निवारण किया गया है। सरकार ने शिकायत निवारण समय पर किए जाने, इसे सार्थक बनाने और सुलभ बनाने के लिए सीपीग्राम्स के 10 चरणीय सुधारों को अपनाया है और सीपीग्राम्स पोर्टल पर 103,183 शिकायत अधिकारियों को मैप किया है। इससे सरकारी विभागों में लंबित मामलों में कमी लाने में मदद मिली है जिससे 31 अक्टूबर 2024 की स्थिति के अनुसार, भारत सरकार में लोक शिकायतों की संख्या 54,339 के निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है। निवारण की औसत समयसीमा, 2019 के 28 दिनों से घटकर 2024 में 13 दिन हो गई है। सरकार ने 23 अगस्त 2024 को, लोक शिकायतों के प्रभावी निवारण के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए। इन दिशा-निर्देशों में अभिकल्पित है- विभिन्न लोक शिकायत प्लेटफार्मों का एकीकरण, मंत्रालयों/विभागों में विशिष्ट शिकायत निवारण इकाइयों की स्थापना, अनुभवी और सक्षम नोडल अधिकारियों की नियुक्ति,

शिकायतों के मूल कारण विश्लेषण पर जोर देना और फीडबैक पर कार्रवाई करना, अपीली प्राधिकारियों की नियुक्ति करके शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करना, शिकायत निवारण में लगने वाले समय की अधिकतम सीमा को 30 दिनों से घटाकर 21 दिन करके, शिकायत को बंद करने के दिशा-निर्देश जारी करना। लोक शिकायतों का निवारण भी, सरकार द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। विशेष अभियान 2024 के दौरान, लगभग 5.55 लाख लोक शिकायतों और अपीलों का निपटान किया गया है।

(घ) और (ङ) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पदों का होना और उनका भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। रिक्तियों का विवरण, संबंधित मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों द्वारा रखा जाता है। केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को, रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने के समय-समय पर निर्देश दिये गए हैं। 22 अक्टूबर, 2022 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेले में, केंद्र सरकार के रिक्त पदों को मिशन मोड में भरा गया है। विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 40-45 शहरों में, केंद्रीय स्तर पर 13 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं।

***************

**लोकसभा के दिनांक 04.12.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1486 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

| वर्ष | अग्रेणीत शिकायतें | अवधि के दौरान प्राप्त शिकायतें | कुल प्राप्त शिकायतें | वर्ष में निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 2020 | 1071603 | 2271270 | 3342873 | 2319569 |
| 2021 | 1023304 | 2000590 | 3023894 | 2135923 |
| 2022 | 887971 | 1918238 | 2806209 | 2143468 |
| 2023 | 662741 | 1953057 | 2615798 | 2307674 |
| 2024 (1 जनवरी से 31 अक्टूबर, 2024 तक) | 308124 | 2298208 | 2606332 | 2324323 |
| **कुल** | | **10441363** | **14395106** | **11230957** |

****************

**लोकसभा के दिनांक 04.12.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1486 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक II**
**(01.01.2020 से 31.10.2024 तक की अवधि के लिए शिकायतों का राज्य-वार विवरण)**

| राज्य | अग्रेणीत शिकायतें | अवधि के दौरान प्राप्त शिकायतें | कुल प्राप्त शिकायतें | वर्ष में निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार सरकार | 85 | 5510 | 5595 | 5565 |
| आंध्र प्रदेश सरकार | 29985 | 36944 | 66929 | 63322 |
| अरुणाचल प्रदेश सरकार | 548 | 2354 | 2902 | 2686 |
| असम सरकार | 28072 | 124513 | 152585 | 146742 |
| बिहार सरकार | 60836 | 161395 | 222231 | 214078 |
| छत्तीसगढ़ सरकार | 5492 | 43343 | 48835 | 46860 |
| गोवा सरकार | 1712 | 7333 | 9045 | 8195 |
| गुजरात सरकार | 9024 | 259661 | 268685 | 261927 |
| हरियाणा सरकार | 45802 | 152271 | 198073 | 186511 |
| हिमाचल प्रदेश सरकार | 19520 | 20254 | 39774 | 34174 |
| जम्मू और कश्मीर सरकार | 14759 | 34251 | 49010 | 42806 |
| झारखंड सरकार | 28379 | 86485 | 114864 | 105266 |
| कर्नाटक सरकार | 42179 | 94391 | 136570 | 127779 |
| केरल सरकार | 27008 | 47563 | 74571 | 69465 |
| मध्य प्रदेश सरकार | 99601 | 177726 | 277327 | 272846 |
| महाराष्ट्र सरकार | 119868 | 207274 | 327142 | 306027 |
| मणिपुर सरकार | 1662 | 6441 | 8103 | 5930 |
| मेघालय सरकार | 1545 | 2777 | 4322 | 3812 |
| मिजोरम सरकार | 515 | 1642 | 2157 | 1486 |
| नागालैंड सरकार | 280 | 2018 | 2298 | 1045 |
| दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार | 14514 | 143509 | 158023 | 152370 |
| ओडिशा सरकार | 29692 | 65340 | 95032 | 76966 |
| पुडुचेरी सरकार | 628 | 8243 | 8871 | 8778 |
| पंजाब सरकार | 16701 | 100015 | 116716 | 113604 |
| राजस्थान सरकार | 108046 | 144061 | 252107 | 249814 |
| सिक्किम सरकार | 766 | 1240 | 2006 | 1984 |
| तमिलनाडु सरकार | 23673 | 107019 | 130692 | 123236 |
| तेलंगाना सरकार | 5781 | 37340 | 43121 | 42837 |
| त्रिपुरा सरकार | 551 | 7416 | 7967 | 7702 |
| संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ सरकार | 320 | 19887 | 20207 | 19988 |
| संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली सरकार | 52 | 1763 | 1815 | 1696 |
| संघ राज्य क्षेत्र दमन और दीव सरकार | 37 | 1848 | 1885 | 1670 |
| संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख सरकार | 6 | 1036 | 1042 | 980 |
| संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप की सरकार | 2 | 1053 | 1055 | 1030 |
| उत्तर प्रदेश सरकार | 115976 | 1126776 | 1242752 | 1230604 |
| उत्तराखंड सरकार | 41131 | 68729 | 109860 | 106962 |
| पश्चिम बंगाल सरकार | 46969 | 74043 | 121012 | 83392 |
| **कुल** | **941717** | **3383464** | **4325181** | **4130135** |

*इस अवधि के दौरान निपटाई गई शेष 71,00,822 शिकायतें, भारत सरकार से संबंधित हैं